पांच जिलों से हवाई सेवा जल्द शुरू करने की तैयारी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश के नागरिक उड्डयन विभाग ने आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती, सोनभद्र व अलीगढ़ में निर्मित हवाई पट्टी को विकसित कर हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी तेज कर दी है। इसके संचालन एवं अनुरक्षण के लिए जल्द ही एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया के साथ अनुबंध किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति-2018 के तहत राज्य सरकार ने सभी हवाई पट्टी से हवाई शुरू करने का लक्ष्य तय किया है। प्रदेश में इस समय 17 हवाई पट्टी है। इसमें आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती, सोनभद्र व अलीगढ़ (धनीपुर) के अलावा झांसी, इटावा (सैफई), कानपुर देहात (रसूलाबाद), अकबरपुर, गाजीपुर (अंधऊ), लखीमपुर खीरी (पलिया), सुलतानपुर, मेरठ, अयोध्या, कुशीनगर व मुरादाबाद शामिल है। अयोध्या में हवाई पट्टी का विस्तार कर अब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण कराया जा रहा है।

- संचालन के लिए एएआई के साथ होगा अनुबंध
- प्रदेश में वर्तमान समय में 17 हवाई पट्टी हैं